will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1966, in respect of 'Other Capital Outlay of the Ministry of Transport'."

MINISTRY OF HEALTH

Mr. Deputy-Speaker: The House will now take up the Demands for Grants relating to the Ministry of Health for which four hours have been allotted. Those who want to move their cut motions may do so within fifteen minutes.

DEMAND No. 48—MINISTRY OF HEALTH

Mr. Deputy-Speaker: Motion moved:

"That a sum not exceeding Rs. 20,97,000 be granted to the President to complete the sum necessary to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1966, in respect of 'Ministry of Health'."

DEMAND No. 49—MEDICAL AND PUBLIC HEALTH

Mr. Deputy-Speaker: Motion moved:

"That a sum not exceeding Rs. 13,45,10,000 be granted to the President to complete the sum necessary to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1966, in respect of 'Medical and Public Health'."

DEMAND No. 50—OTHER REVENUE EXPENDITURE OF THE MINISTRY OF HEALTH

Mr. Deputy-Speaker: Motion moved:

"That a sum not exceeding Rs. 83,93,000 be granted to the President to complete the sum necessary to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1966, in respect of 'Other Revenue Expenditure of the Ministry of Health'."

DEMAND No. 131—CAPITAL OUTLAY OF THE MINISTRY OF HEALTH

Mr. Deputy-Speaker: Motion moved:

"That a sum not exceeding Rs. 8,21,33,000 be granted to the President to complete the sum necessary to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1966, in respect of 'Capital Outlay of the Ministry of Health'."

The Demands are now before the House.

श्री राम सिंह (बहराइच) : उपाध्यक्ष महोदय स्वास्थ्य विभाग एक ऐसा विभाग है जो समाज के हर वर्ग के लिये कार्य करता है । इसमें धनी और निर्धन सभी के लिये कार्य होता है । इस पर विचार करते हुए हमारा कर्तव्य है कि हम सरकार को ऐसे सुझाव दें कि मानव कल्याण के लिये स्वास्थ्य विभाग का पूरा सदुपयोग किया जा सके ।

स्वास्थ्य के लिये जल का बहुत अधिक महत्व है । बहुत सी जगहें ऐसी है जहां दिसम्बर व जनवरी तक जल मौजूद रहता है और ऐसी जगहों पर अनेक तरह के रोग लोगों को होते रहते हैं । ऐसी जगहों के लिये पीने के शुद्ध जल के लिये नल आदि का प्रबन्ध किया जाय जिससे लोगों को लाभ प्राप्त हो सके ।

सरकार भोजन की समस्या को लेकर आबादी रोको प्रयोग फैमिली प्लैनिंग के जरिये चला रही है । फैमिली प्लैनिंग का प्रयोग इस देश के स्वास्थ्य के लिये घातक सिद्ध हो रहा है । डाक्टर की रायें मानव की सहज क्रियाओं में बड़ी बाधा डाल रही है । यह यहां की नस्लों को ही कमजोर बना देगी । यहां के जंगलों में करोड़ों एकड़ भूमि बेकार

पड़ी है । उस का कृषि के लिये उपयोग कर के खाद्य समस्या को अच्छी तरह से हल किया जा सकता है । इस दशा को देखते हुए सरकार को कोई अधिकार नहीं है कि खाद्य का बहाना लेकर आने वाली पीढ़ियों को दुर्बल बना दे ।

जिन देशी औषधालयों में अधिक लाभ करने वाली दवा हो उसे ही रजिस्टर्ड होने की आज्ञा सरकार दे और ऐसी ही औषधियों का विकास करने की जरूरत है । जो दवायें रोगों में अधिक लाभ पहुंचाती हैं सरकार उन के बारे में ही प्रयोगशालाओं में प्रयोग कराये ।

सरकार की नीति देशी चिकित्सा प्रणाली के लिये सदा से ही रूखी रही है । सरकार को चाहिये कि आयुर्वेद, यूनानी आदि सब प्रणालियों के लिये बिलकुल आधुनिक तरह के अस्पताल खोले जिन में आधुनिक औजार, नर्सों और शैया कक्षों का भी आधुनिक अस्पतालों की तरह से उपयोग हो । उत्तर प्रदेश में सिर्फ डिस्पेन्सीरज ही खुली हैं । वहां किसी बड़े आयुर्वेद औषधालयों की स्थापना नहीं हुई है । इन प्रणालियों में अलग अलग रोगों के जो विशेषज्ञ हैं उन को अपने अपने अलग अलग औषधालय खोलने के लिये सुविधा प्रदान की जाये । और सरकार उनको प्रोत्साहन दे । उनको भी वे सुविधाएं मिलें जो कि डाक्टरों को दी जाती हैं ।

16 hrs.

कुछ ऐसे असाध्य रोग हैं जिनका ऐलोपेथी में कोई समुचित इलाज नहीं हो पाता । उन को बड़े से बड़ा डाक्टर लाइलाज कर देता है । उन सब रोगों का इलाज आयुर्वेद में है । यदि सरकार रुचि ले और अनुसन्धान के लिये पर्याप्त धन की व्यवस्था करे तो आयुर्वेदिक औषधियों के प्रयोग से इन रोगों में बहुत लाभ हो सकता है ।

ऐलोपेथी के हस्पताल भी ठीक कार्य नहीं कर रहे हैं । बहुत बड़े बड़े भवनों का निर्माण तो हुआ है, लेकिन कहीं तो डाक्टर नहीं है, सिर्फ कम्पाउंडर वगैरह ही काम करते हैं और कहीं पर औषधियों का अभाव है । और जहां औषधियां हैं वहां सरकारी अधिकारियों या सत्ताधारी वर्ग के ही कामों में ऐसी औषधियां आतीं हैं । ऐसे जहां कहीं भी अस्पताल हैं, गरीब जनता उन से लाभ नहीं उठा पाती । ऐसे अस्पतालों में गरीब जनता को चलतु दवाएं दी जाती हैं, और मंहगी दवाओं के लिये उनको बाजार में भेज दिया जाता है । आज जब खाद्य समस्या ऐसी है कि लोग भूखों मर रहे हैं, तो ये कैसे उम्मीद की जा सकती है कि वे गरीब लोग मंहगी दवा ला कर लाभ उठा सकेंगे । सरकार को चाहिए कि ऐसे अस्पतालों में डाक्टरों की समुचित संख्या बढ़ावे और पर्याप्त दवाओं का स्टाक वहां रखे, और इस बात का भी ध्यान रखे कि उनका प्रयोग गरीबों के लिए भी हो ।

देश के अन्दर कुछ चुने हुए डाक्टर ऐसे हैं जो कि शहरों में रहते हैं, और उनका लाभ देश की देहाती जनता नहीं ले पाती है । सरकार को ऐसा प्रबन्ध करना चाहिए जिससे कि उन डाक्टरों का लाभ और अच्छे वैद्यों का लाभ देहाती जनता को भी मिल सके ।

16.01 hrs.

[SHRI T. H. SONAVANE *in the Chair*]

ऐलोपेथी, यूनानी और आयुर्वेद, इन सभी प्रणालियों के विशेषज्ञों को एक ऐसी सभा करनी चाहिए जिसमें ये लोग असाध्य रोगों के बारे में आपस में विचार करें, और उनके इलाज के लिये अच्छे सुझाव दें । इस से यह होगा कि उनके इस ज्ञान का लाभ दूसरे लोगों को भी प्राप्त हो सकेगा । ऐसा करने से हमारा चिकित्सा विभाग नई प्रणाली निकाल सकता है, जिसमें देशी और विदेशी सभी चिकित्सा प्रणालियों की अच्छाइयां हों, और दूषित प्रभाव उसमें न रहें ।

अपने देश में देशी चिकित्सा का बहुत महत्व है । यहां पर ऐसी अनुसन्धान संस्थाएं

[श्री रामसिंह]

होनी चाहिये जिनमें अपने लोग तो सीखे ही बाहर के लोग भी आकर उनमें शिक्षा प्राप्त कर सकें ।

हर जिले के अन्दर यह शिकायत है कि वहां अस्पतालों में न तो ठीक से दवाएं मिलती है और न कोई ठीक से देखने वाला है । इस लिए मेरा सुझाव है कि हर साल कम से कम एक बार कोई वरिष्ठ डाक्टर इन अस्पतालों का निरीक्षण किया करे ताकि वहां पर दवाओं की समुचित प्रबन्ध होता रहे ।

अभी चेचक, क्षय और कुष्ठ जैसे रोगों के लिए कोई ठीक से प्रबन्ध नहीं हो सका है । सरकार को चाहिए कि इन के ऊपर विशेष रूप से ध्यान दे और अगर किसी दूसरी पद्धति में इन रोगों का अच्छा इलाज हो सकता है तो उसका लाभ जनता को देने की व्यवस्था की जाए ।

इसके साथ-साथ मुझे अवसर दिया गया जिसके लिये मैं धन्यवाद देता हूं ।

श्रीमती कन्नमवार (चांदा) : सभापति महोदय, मैं स्वास्थ्य मंत्रालय के खर्च की मांगों का समर्थन करने के लिए खड़ी हुई हूं। स्वास्थ्य मंत्रालय स्वास्थ्य, औषधि नियंत्रण तथा खाद्य अपमिश्रण की रोकथाम तथा स्थानीय स्वायत्त शासन के सभी विषयों एवं ग्राम और नगर आयोजन के राष्ट्रीय स्तर के विषय से सम्बन्ध रखता है ।

सबसे बड़ी चीज यह है कि हर एक का स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए । अगर स्वास्थ्य अच्छा है तो हर चीज अच्छी है । इसलिए देश के लिए सब से जरूरी चीज स्वास्थ्य है । इस के लिए सरकार को आधुनिकतम उपाय काम में लाने चाहिएं ।

अच्छे स्वास्थ्य के लिए खान पान की चीजें शुद्ध होनी चाहिएं । लेकिन आज कल दूध में पानी है, घी में मिलावट रहती है और आज जो भी चीजें मिलती हैं शुद्ध नहीं मिलती हैं और इस कारण देश में रोग फैलते हैं । छोटे गांवों में तो और भी ज्यादा रोग फैलते हैं । इसका कारण यह है कि एक तो वहां का रहन सहन ठीक नहीं है । वहां आस पास बहुत सी गन्दगी रहती है, कूड़ा कचरा भी रहता है, जो बारिश का पानी होता है वह भी जमा रहता है । इस कारण वहां बहुत से रोग होने की सम्भावना रहती है । इन कारणों से वहां रोग बहुत बढ़ रहे हैं । शहरों में तो नालियों, मोरियों आदि का इन्तिजाम है, फ्लश की लैट्रिन्स हैं, और भी बातों का सुभीता है । लेकिन छोटे छोटे गांवों में यह सुविधा न होने के कारण उन की रोकथाम के लिए कोई प्रबन्ध नहीं है । शहरों में और कस्बों में तो फिलहाल कुछ कुछ कार्य हो रहा है लेकिन सुदूर देहातों में जहां कि इस तरह का काम होना चाहिए वहां यह काम होता नहीं है । आज आवश्यकता इस बात की है कि सरकार गांवों में स्वास्थ्य तथा आवश्यक चिकित्सा व्यवस्था करने की ओर सक्रिय कदम उठाये । जो गांव इंटीरियर में बसे हैं उन की ओर विशेष रूप से ध्यान दिया जाय और उन में सुधार तथा विकास के लिए अधिक पैसा खर्च किया जाय ।

ग्रामों में विशेष रूप से गंदे पानी की निकासी के लिए, पक्की नालियां बनाने के लिए पानी की सुविधा के लिए कुओं और हैंड-पंपों के लगाने की पूरी शक्ति से कोशिश करनी चाहिए । साथ ही प्रत्येक ग्राम में एक डाक्टर की व्यवस्था भी होनी चाहिये जिससे बीमारी के इलाज में अधिक विलम्ब न हो । एक छोटी सी डिस्पेंसरी एक गांव के लिए काफी है । गांवों में नर्सों की भी व्यवस्था नहीं है । कई जगह ग्रामसेविकाएं हैं लेकिन बहुत सी जगहों पर वे नहीं हैं । कई जगहों पर एक छोटे, मोटे मकान में छोटा सा अस्पताल तो बना हुआ है लेकिन वहां डाक्टर नहीं मिलते हैं इसलिए प्रत्येक ग्राम में एक डाक्टर तथा नर्स की व्यवस्था आप

को करनी चाहिए। इसके अलावा वहां गांवों में ठीक तरीके से दवाइयां भी नहीं मिलती हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में अगर हम दृष्टि डालें तो पायेंगे कि आज भी वह करीब करीब उसी अवस्था में है जिस अवस्था में वे पहले थे। इसके लिए मैं मंत्री महोदया से प्रार्थना करती हूं कि शहरों की ओर तो आप जरूर खयाल देते हैं लेकिन साथ ही साथ ग्रामवासियों की ओर भी अब विशेष रूप से ध्यान दें।

दूसरी बात यह है कि जहां कहीं बड़े बड़े दवाखाने हैं तो क्या वह दवाखाने बगैर एम० बी० बी० एस० डाक्टर के कहीं चल सकते नहीं हैं। जहां कुछ दवाखाने हैं भी वहां ठीक से व्यवस्था नहीं है। बहुत सी जरूरत की चीजें मिलती नहीं हैं। कितनी ही जगहों पर तो कोटन तक भी सुलभ नहीं होती है और रोगी को यदि प्लास्टर चढ़ाना होता है तो उसे खुद खरीद कर बाजार से लाना पड़ता है। अस्पताल बहुत बड़े बड़े हैं लेकिन वहां पर बहुत सी आवश्यक चीजों की कमी है इसलिये मेरा निवेदन है कि उनकी पूर्ति के लिए आवश्यक क़दम तत्काल उठाये जांयं। अस्पताल बन जाने के कारण जिसे देखिये वह इन की तरफ दौड़ता है क्योंकि सब को मालूम है कि अस्पताल एक अच्छी चीज है और आज काफ़ी अधिक संख्या में लोग उस का फ़ायदा लेते हैं। लेकिन इस के लिये आवश्यकता है कि वहां पर बिस्तरों की संख्या बढ़ायी जाय। अभी अस्पताल तो हैं लेकिन वहां पर पर्याप्त बिस्तरे रोगियों के लिए उपलब्ध नहीं हैं और उन के अभाव में आज काफ़ी रोगी नीचे पड़े रहते हैं। बेचारे डाक्टर भी उस हालत में क्या कर सकते हैं क्योंकि रोगी ज्यादा हैं और बिस्तर कम हैं। चूंकि पलंग काफी नहीं होते हैं इसलिए अस्पतालों में उन्हें रोगियों को नीचे जमीन पर डालना पड़ता है। इसलिए अस्पतालों में बैड्स की संख्या बढ़ायी जाय।

नागपुर मैडिकल कालेज में और अन्य बड़े बड़े मैडिकल कालिजेज में भी नर्सेज की कमी है और नर्सेज की कमी होने के कारण उन्हें अधिक ड्यूटी करनी पड़ती है। सात या आठ घंटे के बजाय उन्हें दस-दस और बारह बारहघंटे की ड्यूटी करनी होती है। मंत्री महोदय से मेरी प्रार्थना है कि वे इस ओर ध्यान दें और अस्पतालों में नर्सेज की कमी को दूर करें।

नागपुर का मेवों अस्पताल छात्रों को आर० एम० पी० की उपाधि प्रदान किया करता था किन्तु कुछ समय से यह अधिकार उस से छीन लिया गया है। आज इस बात की आम चर्चा की जाती है कि देहातों के लिए हमें डाक्टर्स नहीं मिलते हैं लेकिन जिस संस्था द्वारा छात्रों को आर० एम० पी० की उपाधि प्रदान कर डाक्टर ट्रेन किया जाता था और फिर उसे देहातों में भेज दिया जाता था उस कोर्स को बन्द कर दिया गया है और फिर कहा यह जाता है कि हमें गांवों के लिए डाक्टर्स मिलते नहीं हैं हम क्या करें। नागपुर मेयो अस्पताल में यह अभी तक आर० एम० पी० का कोर्स चलता था लेकिन पता नहीं किस कारण से तीन, चार साल से यह कोर्स बंद कर दिया गया है। देहातों में ग्रामीणों के स्वास्थ्य की देखभाल करने और उनके रोगों का उपचार करने के लिए डाक्टर्स की जरूरत है लेकिन यह एम० बी० बी० एस० डाक्टर्स वहां कैसे जा सकते हैं? यह लोग तो शहरों में ही रह कर अपनी प्रेक्टिस आदि करना चाहते हैं। वे गांवों में नहीं जाना चाहते हैं। एम० बी० बी० एस० की डिग्री प्राप्त कर लेने के पश्चात उनकी इच्छा नहीं होती कि वे जाकर देहातों में काम करें। इस के लिए मेरा सुझाव है कि गांवों में अलोपैथी के साथ साथ आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति का अधिक प्रसार किया जाय। वहां अगर इन चिकित्सा व्यवस्थाओं को आगे बढ़ाया जाय तो ग्रामीणों का बड़ा हित होगा। होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति एक बहुत अच्छी चिकित्सा पद्धति है और सरकार को उसे हर तरह से प्रोत्साहन देना चाहिए व उसकी व्यवस्था का परसार करना चाहिए। इस के अलावा

[श्रीमती कन्नमवार]

मेरा यह सुझाव है कि देश में बढ़ते हुए डाक्टरों के अभाव को दूर करने के लिए यह आवश्यक है कि मेवों अस्पताल को फिर से इसका अधिकार दे दिया जाय और इस आर०एम० पी० कोर्स को जोकि वहां पर अभी कुछ समय पहले तक चलता था और अब बन्द कर दिया गया है उसे पुनः शुरू कर दिया जाय। ऐसा किया जाना ठीक रहेगा क्योंकि देहातों में जाने के लिए देहातों के ही लड़के तैयार होते हैं। गरीबों के लड़के जोकि वहां पर आर० एम० पी० का कोर्स कर लेते हैं वे देहातों में सेवा करने के लिए जाते हैं। एम०बी०बी०एस० कोर्स में लोगों को बहुत कम दाखिला मिल पाता है और गरीब लोगों को तो खासतौर से उसमें निराशा का सामना ही करना पड़ता है। होता यह है कि इंटर साइंस करने के बाद जब इधर से छात्रों को निराशा होती है तो बी० एस० सी० या एम० एस० सी० करके और कोई दूसरी नौकरी पकड़ते हैं। वे चाहते हैं कि एक छोटे मोट डाक्टर बन कर देश की सेवा करें गांव वालों की सेवा करें लेकिन उन की इच्छा पूरी नहीं होती है इसलिए यह जो आर० एम० पी० का साढ़े तीन साल का कोर्स है इसे फिर से चालू किया जाय ताकि उनकी गांव वालों की सेवा करने की इच्छा पूरी हो सके। देखा यह गया है कि बहुत से डाक्टर्स एम. बी. बी. एस. होने के बाद देहात में जाने के बजाय शहरों में प्राइवेट प्रेक्टिस करना पसन्द करते हैं क्योंकि वहां उनको अधिक मुनाफा होने की संभावना रहती है। शहरों में प्रेक्टिस कर के वे अधिक पैसा कमाने की आशा करते हैं। इसलिए भी यह आवश्यक है कि गांवों में होम्योपैथिक और आयुर्वेदिक चिकित्सा व्यवस्था का समुचित बन्दोबस्त किया जाय। होम्योपैथिक प्रणाली से बच्चों की बीमारी में विशेषरूप से सहायता मिल सकती है।

अभी तक गांवों में दस, दस और बारह बारह साल से आयुर्वेदिक इलाज वहां के अनुभवी लोगों द्वारा किया जाता था और वे बहुत अच्छ आयुर्वेदिक डाक्टर्स कहलाते थे लेकिन अब इस तरह का प्रतिबन्ध उन पर लगा दिया गया है कि बगैर सर्टिफिकेट के बगैर आवश्यक लाइसेंस के वे अपना धंधा नहीं कर सकते हैं और डाक्टर्स की वहां पहले ही कमी होती है तो ग्रामीणों की चिकित्सा व्यवस्था बड़ी असंतोषजनक हो जाती है। अभी भी देश में कितनी जगहें ऐसी हैं जहां आयुर्वेदिक भी नहीं है, होम्योपैथिक भी नहीं है और एलोपैथिक भी नहीं है। आज आजादी को प्राप्त हुए 17 साल हो गये लेकिन ग्रामवासियों की अभी तक वही दुर्दशा चल रही है। सरकार को तत्काल इस ओर विशेष ध्यान देकर समुचित व्यवस्था इस के लिए करनी चाहिए।

आज गांवों में गंदगी रहने के कारण और शुद्ध पानी की सुविधा न रहने के कारण वहां पर मलेरिया, फाइलेरिया, कुष्ट और चेचक आदि रोग फैलते हैं।

पहले कुष्ट रोग का निवारण करने के लिए काफ़ी उत्साह दिखाया गया लेकिन अब वैसा उत्हसाह दृष्टिगोचर नहीं होता है और कुछ जगह ठीक से दवाई भी नहीं मिलती है, गोलियां भी नहीं मिलती हैं। कुष्ट रोग वालों को जो इंजेक्संस मिलते थे वे भी अब ठीक प्रकार से नहीं मिलते हैं।

हमारे महाराष्ट्र में अमरावती जिले में पटवर्धन साहब का कुष्ठधाम है वैसे ही मनोहर राव जी का वर्धा में कुष्ट धाम है और तहसील वरोरा, चांदा जिले में आप्टे जी का क्लीनिक है। अब होता यह है कि हमारे मंत्री महोदय जैसे व्यक्ति या अन्य कोई बाहर के लोग वहां पर आते हैं तो उनको दिखाने के लिए इधर, उधर से कुष्ट रोगी एक दिन के लिए जमा कर लेते हैं और उनके जाने के बाद उनको निकाल दिया जाता है। वे बराबर ग्रांट लेते हैं, पैसा उनको बराबर मिलता है लेकिन उन्हें उसके अनुसार पूरी

सेवा नहीं मिलती है। इसलिए मेरा निवेदन है कि सरकार इस ओर विशेष ध्यान दे।

एक बिलकुल नयी और अजबी सी बीमारी जिसे डाक्टर लोगों ने फ्लू की संज्ञा दी है वह आजकल बहुत जोरों पर फली हुई है। यह पता नहीं किस देश से आयी है और उसकी उत्पत्ति का कारण क्या है? मरीज डाक्टर के पास जाता है और कहता है कि गले में दर्द होता है, बुखार आता है, उलटी भी होती है, टट्टी भी होती है तो वह बोलता है कि तुम्हें फ्लू हो गया है। डाक्टर और कुछ उस के बारे में नहीं बतला पाता कि आखिर यह कैसे हो गया या यह क्या बला है बस कह देता है कि तुम्हें तो भाई फ्लू हो गया है। उसके होने का न कोई मौसम है न कोई वक्त। जाड़ा गर्मी बरसात सभी समय यह हो जाता है। इसी तरह से चेचक की बीमारी है। पहले कहते थे कि गर्मी में चेचक होती है लेकिन अभी तो गरमी भी नहीं है, ठंड भी नहीं और बारिश भी नहीं है लेकिन यह चेचक भी बारहों महीने चलती है। यही हालत अन्य रोगों के बारे में भी है।

अन्त में मैं और अधिक न कहते हुए सिर्फ यही प्रार्थना करूंगी कि सरकार इधर ध्यान दे, ग्रामों की ओर विशेष रूप से ध्यान दे और भारतवासियों के स्वास्थ्य को अच्छा बनाने का प्रयत्न करे ताकि यह देश उन्नति के पथ पर अग्रसर हो सके। मैं इन शब्दों के साथ एक बार फिर मंत्रालय की मांगों का समर्थन करते हुए और आपको मुझे समय देने के लिए धन्यवाद करते हुए अपना स्थान ग्रहण करती हूं।

Maharajkumar Vijaya Ananda (Visakhapatnam): At the outset, let me congratulate the Health Minister on the humanitarian work she does.

Mr. Chairman: Hon. Members should get up to catch my eye.

Maharajkumar Vijaya Ananda: Of course I know that she has inherited certain state of things and it is difficult to tide over those difficulties but she has done her best during her term of office as Health Minister. During the Three Plans, Rs. 370 crores were allotted for family planning out of which Rs. 10.30 crores were spent. It is a pity that such a big amount in these three Plans had been returned to the Finance Ministry. Ministries are so eager to have funds whereas here we find the Health Ministry is returning such huge sums.

The Minister of Health (Dr. Sushila Nayar): These are incorrect figures. Could you repeat those figures?

Maharajkumar Vijaya Ananda: I gave random figures. It was Rs. 30.70 crores allotted for family planning and the expenditure was Rs. 10.30 crores. These are random figures; it is something like these figures. When you have such large amounts for this particular purpose, greater effort should have been made. The fact is that in this country there is so much sentiment about family planning and so if that type of propaganda could be done with the money alloted, I dare say that we could have had much better results. Food is as important as health but health is probably more important than food. If a man is healthy he is able to get some food or the other. So that is the primary concern. Shri Asoka Mehta said recently that unless we are able to achieve something in the field of family planning during the next five or seven years, there is no room for complacency. This comes from Mr. Asoka Mehta. According to the Planning Commission our population in ten years would be about 63 crores and in 1981 they seem to think that it would be about 70 crores. If the population is going up like this, I think it will take all the efforts of the hon. Minister to go full steam ahead to see that population is checked and family planning programme is properly implemented and new devices are brought in so that they could be made available to the villagers. They can

[Maharajkumar Vijaya Ananda]

have lectures given there with microphones so that the villagers will realise that this is a very important item of life. Sterilisation has to be popularised. The medical students number only 11,000 in all the medical colleges this year it may be a thousand this side or that side—and in a country from Kashmir right up to Kanya Kumari this is by no means a creditable thing if only 11000 mature as doctors. Only three colleges are being proposed for this report, as I see from the report. Three colleges in a vast country like this are very insufficient. In view of the fact that we have got a lesser number of medical colleges, why not we have them in two shifts so that we can produce more doctors? Quoting the figures at random again, there are about 70,000 doctors in this country and about two lakh beds in the various hospitals. This is something shocking: that in a country like India stretching from Assam to Kutch and from Kashmir to Cape Comorin, we have just about 70,000 doctors and just two lakh beds. This, I think, is an item of very great importance and I have a suggestion to make. Take the case of Banaras, where we have divisions of five districts. We have a medical college for each division. Like that, if the hon. Minister could think of a scheme where we could have three to five districts and then put up a medical college for each such area, it would be good. Something on these lines could be thought of. We call them divisions in Uttar Pradesh; in Andhra, they call these are districts, which are very large in area; in Uttar Pradesh, the districts are not so big. On these lines, if the hon. Minister could think, that would be good. It is not an easy problem that could be tackled in one minute, overnight. But these are my humble suggestions.

About smallpox, I would like to pay a tribute to Dr. Lall who has been invited by many countries. I do not know if Dr. Lall is known to the medical authorities here. He was the Chief Medical Director in Uttar Pradesh, where he has done yeoman service. He has been asked by many countries to come and give his views. I would like to pay my tribute because he belongs to this country; he is an Indian, and has attained great fame. He is now working with the WHO.

Vaccination is not sufficient. I will just mention something interesting in this context, about what a military officer said in 1880. The Army Commission of the year 1880 said that the whole Indian experience points to one direction, and this is, that the severity of smallpox epidemic is more closely connected with sanitary defects which intensify the activity of other epidemic diseases more than what is usually imagined, and that the sanitary problems of towns and villages must be looked to for mitigation of smallpox as of cholera and fever. This was in 1880. I must say we have made some strides, but nothing in comparison with say Australia where one per cent infants have vaccination. In the USA, it is not compulsory, and there is no smallpox in other countries to talk about. For instance, in Assam, there is less smallpox than in other States.

Then I come to water supply. I am afraid I was misunderstood when I initiated that short-duration discussion on water pollution on the last occasion. I only meant to strengthen the hon. Minister's hands, because I felt that the Municipal Corporation people here and the Municipal Committee were absolutely hopeless and they were incorrigible. The whole city of Delhi was in desperate fear of contacting all sorts of yellow fever, jaundice and so on. It was with that idea that I moved that motion. Again, we find that there is something in the air already; that there is scarcity of water in this capital of India. There is already a cartoon in the *Hindustan Times* of today saying that the "Municipal Commissioner has urged people not to waste filtered water." This has come so early. Last year, we were inundated with floods. I would

like to ask the hon. Minister one thing. There was a talk about doing something with the Najafgarh nulla because that Najafgarh nulla had overflowed with the result that disease was the main trouble and last year it caught on like the rats which go on multiplying. There was a talk about desilting that area so that this year at least there would be no question of its overflowing. I hope the minister will kindly look into this matter, because it is really very very important for the city of Delhi.

There are various people who are manufacturing false drugs to the detriment of this country. Poor people, who do not realise what they are buying buy these false drugs. I hope the minister will take effective measures to see that such people who produce false drugs are not only taken to task, but I have a suggestion to make, for whatever it is worth. Of course, I am talking of the mediaeval and barbarous days. The only way to treat people who do blackmarketing, hoarding or producing false drugs is to put them in a main street and give them public flogging. It may be considered mediaeval and old. But what happens when you go to court? A man dies or a whole family is poisoned with that drug. He goes to the court. You know how easy it is to argue a case. Lawyers know how to turn and twist a case. Hon. members have given so many suggestions for tackling blackmarketing, hoarding, producing false drugs. But I say, put them in a main street and give them a good whipping; then this will soon die out.

Mr. Chairman: Why does he not table a Bill to that effect?

Maharajkumar Vijaya Ananda: There are many drugs that are really necessary in this country. I certainly appreciate the idea that drugs are being made in this country. Big firms have started production in full swing. But there are some vital drugs necessary for this country. Eminent doctors say there are drugs that really are necessary. Even if it be expensive, if a man can afford it, let him have it at least. I hope the minister will take note of it.

I will give a small instance about myself. I was in Bombay and I had a little congestion of my lungs. I was not feeling well. I went to an eminent doctor who prescribed colladil for me. For the life of me, I could not get colladil all over Bombay, Calcutta and Delhi also.

The Deputy Minister in the Ministry of Health (Shri P. S. Naskar): Are there no alternative drugs?

Maharajkumar Vijaya Ananda: There may be. I am just giving an illustration how a drug of that kind is not available.

Dr. Sushila Nayar: It is just the name!

Maharajkumar Vijaya Ananda: Whatever it be, it so happened. I am not a medical man, but a medical man can tell you there are so many drugs which would be of immense use in this regard if allowed to be imported. This should be put on a higher footing than even food.

I conclude by saying, let us not follow a penny-wise-pound-foolish policy. Let us get the best stuff for the country. Let us also have a larger number of hospitals and beds. 2 lakh beds for a country of this dimension is hardly sufficient. About medical colleges, I have made the suggestion that division type medical colleges could be started, if possible; i.e. 3 or 4 or 5 districts together can start a medical college. As far as possible, let us send doctors into the villages, because the villagers die like rats and there is nobody to look after them. Of course, the doctors must be given fair wages. If a young man who comes out from the college is asked to go to a village on Rs. 150, it is hardly worth going there. I hope that with the big allocations—of course, the big allocation for one item is for family planning—the hon. Minister,

[Maharajkumar Vijaya Ananda]

with her tact, will be able to get much more from the hon. Finance Minister.

Dr. Sushila Nayar: I may say that the figures given by the hon. Member are incorrect.

Mr. Chairman: Hon. Members should try to catch my eye. We have been insisting upon this practice. Unless hon. Members who are desirous of participating in the debate rise up in their seats I will not be able to call them.

श्री र० ना० रेड्डी (नलगोंडा) : सभापति महोदया, सेहत की ग्रांट पर मैं कुछ कहना चाहता हूं । सेहत की ग्रहमियत क्या है, इसके मुताल्लिक बहुत ज्यादा कहने की कोई जरूरत महसूस नहीं होती है । इसकी ग्रहमियत सब ही जानते हैं । लेकिन मुझे ग्रफसोस के साथ कहना पड़ता है कि पिछले सतरह सालों की ग्राजादी के बाद भी हमारी जनता की सेहत की हालत ग्रभी भी ठीक नहीं है । दिक से कोई पांच लाख लोग मरते हैं हर साल । इस साल काफी बड़ी हैजे की शिकायतें भी ग्राई हैं । चेचक का भी काफी जोर रहा है । यह हमेशा ही रहता है । यह कहना कि हम सतरह सालों की ग्राजादी के बाद भी ग्रपने मुल्क की, ग्रपनी नेशन की सेहत को सम्भाल नहीं सके हैं, शोभा की बात नहीं है । इससे यही साबित होता है कि हुकूमत किस तरह से काम कर रही है ।

16.37 hrs.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

सेहत को कायम रखने के लिए पहली चीज जो बहुत ग्रहम है, गिजा है । गिजा ग्रच्छी लोगों को मिले यह सब से ज्यादा जरूरी चीज है । ग्राप देखें कि ग्राज सतरह साल के बाद भी 25 से 30 करोड़ जनता की रोजाना ग्रामदनी कितनी है । यह कहा जाता है कि पांच या छः ग्राने से ज्यादा नहीं है ग्रौर इस के बारे में कंट्रोवर्सी भी बड़ी है । मैं उस कंट्रोवर्सी में पड़ना नहीं चाहता हूं । लेकिन ग्राफिशल तरीके से जो मानी हुई बात है वह यह है कि पांच या छः ग्राने से ज्यादा ग्रामदनी नहीं है । इतनी सी ग्रामदनी से क्या गिजा लोगों को मिलती होगी, इसका ग्रंदाजा तो ग्राप ग्रासानी से लगा सकते हैं, ग्रच्छी गिजा की बात तो ग्रलग रही । हुकूमत ग्राज तक भी ग्रन्न की समस्या को, ग्रन्न के सवाल को हल नहीं कर सकी है । राशन भी लोगों को पूरी तरह से नहीं मिलता है । जब ऐसी हालत हो तो सेहत के मुताल्लिक ज्यादा बोलना भी बहुत मुश्किल हो जाता है । मैं यह नहीं कहता कि . . . . .

श्री शिंकरे (मारमागोग्रा) : फूड मिनिस्टर ग्रास्ट्रेलिया गये हुए हैं फूड के वास्ते ।

श्री र० ना० रेड्डी : वहां से लायेंगे, ग्रमरीका से लायेंगे, यह तो ठीक है । लेकिन ग्राप देखें कि कितने लोगों को ग्रच्छी गिजा मिलती होगी । मुश्किल से दस परसेंट को भी ग्रच्छी गिजा नहीं मिलती होगी ।

मिनिस्टर साहिबा ने जो बजट सेहत के वास्ते रखा है उसको ग्राप देखें । 28 करोड़ रुपये का ही बजट ग्रापने रखा है । केन्द्रीय हुकूमत का जो बजट है वह दो हजार करोड़ से उपर का है । उस में से सिर्फ 28 करोड़ रुपया सेहत के वास्ते ग्रापने रखा है ग्रौर इतने रुपये के लिए मंजूरी ग्रापने हम से चाही है । सरकार यह कह सकती है कि सूबों की हुकूमतें भी खर्च करती

हैं । लेकिन आप देखें तो आपको पता चलेगा कि वे दस परसेंट भी इस पर खर्च नहीं करती हैं । आंध्र प्रदेश के बजट की हालत को मैं जानता हूं । वहां पुलिस डिपार्टमेंट पर जितना खर्च किया जाता है उतना ही सेहत और मैडीसिन पर खर्च होता है । वहां भी अस्पतालों की हालत बहुत खराब है ।

डाक्टरों के बारे में यह कहा जाता है कि हमारे मुल्क में छः हजार जनता के पीछे एक डाक्टर है । मैं कहता हूं कि इस तरह से हिसाब लगाने का तरीका बहुत ही गलत है । यह वैसा ही तरीका है जैसाकि औसत आमदनी निकालने का तरीका है । एक आदमी को तो एक लाख मिलता है और दूसरे को सौ रुपया मिलता है और अगर दोनों का औसत लगाया जाय तो पहले तो दोनों को जमा किया जायगा और फिर उसको दोनों में तकसीम किया जायगा और एक के हिस्से एक लाख पचास रुपये आ जायेंगे । यह औसत निकालने का जो तरीका है, यह बहुत ही गलत है ।

आप यह भी देखें कि डाक्टर लोग शहरों में ही रहते हैं, गांवों में जाना पसद नहीं करते हैं । गांवों की हालत क्या है, इसका जिक्र बहुत से हमारे माननीय सदस्यों ने किया है । गांवों की हालत यह है कि वहां कितने ही लोगों के लिए एक डाक्टर है । आज आप कह सकते हैं कि छः हजार के पीछे एक डाक्टर मौजूद है लेकिन मैं तो कहता हूं कि वहां पर पचास हजार के पीछे भी एक डाक्टर नहीं है ।

डाक्टरों के मुताल्लिक मैं यह भी सोचता हूं कि यहां के डाक्टर लोग जो बाहर जाते हैं हैल्थ डिग्रीज ले कर, ये क्यों जाते हैं ? वह पाकिस्तान चले जाते हैं, इंग्लिस्तान चले जाते हैं, अमरीका चले जाते हैं । सुनते हैं वहां उनको दस गुनी तन्खाह मिलती है । यहां जितने मैडिकल ग्रेजुएट्स आप मेडिकल कालेजेज में प्रोड्यूस करते हैं क्या वह हिन्दुस्तान में हैं । आखिर वह बाहिर क्यों जाते हैं । यहां पर सवाल आता है कि आप उस को किस तरह से ट्रीट करते हैं । आप उन को क्या तन्खाह देते हैं, आप उनको क्या एनकरेजमेंट देते हैं काम करने के लिये । आज हमारे सामने यह सवाल भी आ रहा है कि कर्मचारियों को ही नहीं, अस्पतालों के डाक्टरों को भी स्ट्राइक करने की जरूरत पड़ रही है । अखबारों को पढ़ने से ऐसा मालूम होता है । मैं नहीं चाहता कि हास्पिट्ल्स में कोई स्ट्राइक हो, लेकिन इस की जिम्मेदारी सिर्फ उन के उपर डालना गलत होगा । इसकी जिम्मेदारी हकूमत पर है । उन कर्मचारियों पर नहीं है जो कि हास्पिटल्स में काम करते हैं । आप उन लोगों को क्या देते हैं कि जिस में कि वे स्ट्राइक न करें । जिम्मेदारी तो आप की है कि आप उन को इस तरह से रखिए कि वे स्ट्राइक न करें ।

फिर देहातों में डाक्टरों की जरूरत तो एक ऐसा मसला है जिस को हुकुमत आज तक न हल कर सकी है । और न मैं ऐसा समझता हूं कि वह बहुत जल्द हल कर सकेगी । आप देहातों में डाक्टर भेज ही नहीं सकते । अगर आप भेज भी दें तो वह जाते नहीं है । जो आप के प्राइमरी हैल्थ सेन्टर्स हैं उन की तादाद बहुत कम है । एक ब्लाक में शायद एक हास्पिटल हो । क्या इससे गांव वालों के मसले और जो उन की प्राब्लेम्स हैं वह हल हो जाती हैं । आज यहां पर हालत क्या चल रही है । माफ कीजिए, आप की इंडियन मेडिकल कौंसिल हिन्दुस्तान के देहातों के बारे में कुछ जान नहीं सकती । वह लोग तो पेडस्टल पर बैठे हैं और एम० बी० बी० एस० एक्सपर्ट्स तैयार करने की सोचते हैं ।

आज हालत यह है कि बंबक्स के हाथ में पूरा गांव होता है । मैं अपने ही गांव की

[श्री र० ना० रेड्डी]

मिसाल देता हूं । वहां पर चार क्वेक्स काम करते हैं जो कि इंजेक्शन और स्टेथास्कोप लेकर घूमते रहते हैं और इधर-उधर इंजेक्शन लगाया करते हैं । अभी हमारी बहन कह रही थीं कि आप डिप्लोमा कोर्सेज बन्द क्यों करते हैं । डिप्लोमा कोर्सेज आप को देते रहना चाहिय । आप भले ही एम० बी० बी० एस० डाक्टर तैयार कीजिये । इस में कोई आपत्ति किसी को नहीं है । लेकिन आप डिप्लोमा कोर्स क्यों बन्द करते हैं । आप उन को नौकरी मत दीजिय लेकिन उन को काम—याब होने दीजिये हजारों की तादाद में । आप मेट्रीकुलेशन के बाद तीन साल का कोर्स रखिये । वह लोग आपके यहां नौकरी न पा सकें तो कोई बात नहीं है लेकिन जो क्वेक्स दो तीन सौ रुपये महीने कमा रहे हैं उन की जगह पर तो तीन साल की साइंटिफिक ट्रेनिंग पाये हुए डाक्टर्स काम कर सकेंगे । वह गांवों में जाकर प्रेक्टिस कर सकते हैं । न तो आप गावों में एम० बी० बी० एस० डाक्टरों को भेजने के लिये तैयार हैं और न जो दूसरा आल्टरनेटिव तरीका है थोड़ी एजूकेशन देने का उस को ही मंजूर करने के लिये तैयार हैं ।

फिर नर्सों की क्या हालत है । कहा जाता है कि जितनी संख्या में डाक्टर्स हैं उनसे आधी संख्या में नर्सेज हैं । यह एक आश्चर्य की बात है क्योंकि एक डाक्टर के लिये ज्यादा नर्सों की जरूरत होती है । इस मुल्क में हालत यह है कि जितने डाक्टर्स हैं उनसे आधी संख्या में नसज हैं । क्यों आप कि लड़कियां आगे नहीं आती हैं । क्यों दूसरे मुमालिक में इसके लिये वह आगे आती हैं । आप के यहां जो नर्सों की संख्या इतनी कम है इसका एक कारण तो फिल्हाल यह मालम होता है कि आप एका—नोमिक इन्सेटिव देने के लिए तैयार नहीं हैं । क्यों मिलीटरी के लिये नसज मिल जाती हैं । जहां तक मैं जानता हूं कि इसका कारण यह है कि वहां उन को 300 रु० तन्खाह दी जाती है । आप क्या देते हैं । मैं यह भी मानता हूं कि हमारी लड़कियों में वैकवर्डनेस है, वह आगे आने के लिये तैयार नहीं हैं, लेकिन एक तो आप उन को एकानमिक इन्सेटिव देने के लिये तैयार नहीं हैं दूसरे हास्पिटलस में उन के साथ अच्छा बर्ताव नहीं होता है । हुकुमत को इन मसायल की तरफ संजीदगी से सोचना चाहिये । यह कहना कि हमारे मुल्क में लड़कियां आगे नहीं आ रही हैं, यह ठीक नहीं है । जब यह दूसरे डिपार्टमेंट्स में काम करते हैं तो हास्पिटल्स में काम करने के लिये क्यों नहीं आती हैं । जो ट्रीटमेंट उन को मिलिटरी हास्पिटलस में दिया जाता है वह उन को दूसरे हास्पिटल्स में दिया जाना चाहिये । इसी लिये वह नहीं आती हैं यह मैं बतला देना चाहता हूं ।

इसके बाद मैं दवाओं के मसले पर आता हूं । हमारे यहां दवाओं के नाम से काफी लूटा जा रहा है । यह दूसरी बात है कि दवायें मिलती नहीं हैं..... लेकिन जो मिलती हैं उन्हें पेटेन्ट ला के बहाने बहुत महंगा रक्खा जाता है । हमारे पास जो पेटेन्ट ला है उस को खत्म करने की जरूरत है । मंत्री महोदय इस पर सोचें । यह पेटेन्ट ला ब्रिटिश जमाने में कोई पचास साल पहले बनाया गया था । उस पेटेन्ट ला की बिना पर जो दवायें आज पेटेन्टेड हैं वह ज्यादातर विदेशी कैपिटलिस्टों की हैं । उन को न हिन्दुस्तान में कोई बना सकता है न बेच सकता है । मैं बहुत सी दवाओं की मिसालें आप को दे सकता हूं । एक दवा है जिस के लिये स्विटजरलैंड की एक फर्म एक कीलोग्राम पर 5,500 रु० चार्ज करती है । इटली एक ऐसा मुल्क है जहां यह पेटेन्ट्स कानून नहीं है । वहां उसी दवा को एक फर्म 300 रु० में तैयार करती है और हिन्दुस्तान में

आ कर उस को बेचना चाहती है । मगर चूंकि स्विटज़रलैंड की फर्म का हिन्दुस्तान में पेटेन्ट है इसलिए वह यहां ला कर उसे बेच नहीं सकती । यही बात है कार्टिज़ान की । कार्टिज़ान एक दवा है जिस की हिन्दुस्तान की कीमत 15 रु० फी ग्रेन है मगर दुनिया के और मुल्कों में वह 5 रु० फी ग्रेन मिलती है । विटामिन बी 12 जो है उस की हिन्दुस्तान में बिकने की कीमत 220 रु० फी किलोग्राम है, लेकिन दुनिया की कीमत उस की सिर्फ 30 रु० है । क्लोरोमाइसिटीन एक ऐसी दवा है जो बहुत ही पापुलर है और टाइफाइड के लिये इस्तेमाल होती है । पंचवर्षीय योजना में हुकूमत हिन्द ने उस को मैनुफैक्चर करने की कोशिश की लेकिन नहीं कर सकी, क्योंकि उस का पेटेन्ट है । पेटेन्ट करने वाले भी इतनी चालाकी करते हैं कि उस का हर पासिबल फार्मूला उन्होंने पेटेन्ट कर लिया है, जिस की रू से उन्होंने इस दवा का बनाना रोक दिया है । मैं नहीं समझ पाता कि इस पेन्टेट ला को खत्म करने में हुकूमत हिन्द को क्या आपत्ति है, क्यों इस के मुताल्लिक पसोपेश किया जा रहा है । हम अखबारों में पढ़ते हैं कि प्रधान मंत्री लन्दन में इस के खिलाफ कुछ कह कर आये हैं । यहां आने के बाद उन्होंने कहां कि मैं ने नहीं कहा है । यह दूसरी बात है । यह भी सुनते हैं कि एक अमेंडमेंट ड्राफ्ट हुआ है, हम यह भी सुनते हैं कि मिनिस्ट्री आफ हेल्थ और मिनिस्ट्री आफ इंडस्ट्री में कुछ मतभेद है इस चीज के मुताल्लिक । कुछ समझ म नहीं आता है कि क्या चल रहा है ।

Dr. Sushila Nayar: This matter concerns the Industry Ministry. The hon. Member might take it up with that Ministry when their Demands come up for discussion.

Shri R. N. Reddi: They are all inter-related.

My information is that the Ministry of Health is differing with the Ministry of Industry. The Ministry of Health wants that this patent law should be abolished altogether but it is the Ministry of Industry which is coming in the way.

श्री किशन पटनायक (सम्बलपुर) : मिनिस्ट्री आफ हेल्थ मिनिस्ट्री आफ इंडस्ट्री को सुझाव दे ।

Shri R. N. Reddi: The hon. Minister can say it later. That is what I have come to know. I think that is my duty to put it before the House.

दूसरी बात यह है कि रूस की मदद से हम दो तीन फैक्ट्रियां तैयार कर रहे हैं । लेकिन उन दो तीन फैक्ट्रियों में भी आप उन दवाओं को बना नहीं सकते हैं । आप उन को मैनुफक्चर नहीं कर सकते जोकि पेटेन्टेड हैं । इसलिये में बहुत जरूरी समझता हूं कि आप इस पेटेन्ट्स के कानून को खत्म कर दें ।

मैं तो यह भी निवेदन करना चाहता हूं कि आप ड्रग इंडस्ट्री का नेशनलाइज़ेशन क्यों नहीं कर देते क्योंकि ड्रग इंडस्ट्री हमारे मुल्क की सेहत के लिये बहुत ही अहम है । ड्रग इंडस्ट्री को बुरी तरह से नैशनलाइज़ कर दिया जाये और पेटेन्ट्स ला को खत्म कर दिया जाये ताकि जो हमारे बीमार लोग हैं वे कम दाम में दवायें खरीद सकें ।

आखिर में मैं अस्पतालों में जो कर्मचारी काम करते हैं उनके मुताल्लिक कुछ कहना चाहता हूं । उनके बारे में मिनिस्टर साहिबा का स्टेटमैंट मैं ने पढ़ा है । में इस बात से तो सहमत हूं कि ये अस्पताल पवित्र संस्थाएं हैं और इन में स्ट्राइक नहीं होनी चाहिये । मगर इन की सारी जिम्मेवारी सिर्फ कर्मचारियों पर डालना गलत होगा । आप अपने अस्पताल के कर्मचारियों को

[श्री र० ना० रेड्डी]

उचित सुविधाएं दें । आप उन के साथ जो बरताव करती हैं वह गलत है । आप उन को इत्मीनान से रखिए, उन को इकानामिक इंसेटिव दीजिए ताकि वे स्ट्राइक न करें । स्ट्राइक करने में उन को खुशी नहीं होती है । आप उन के मुतालबात को मान लीजिए तो वे क्यों स्ट्राइक करें । वे भी हिंदुस्तानी हैं, उन में भी देश भक्ति है, वे भी यह मानते हैं कि ये अस्पताल पवित्र संस्थाएं हैं . . .

डा० सुशीला नायर : आप जैसे लोग उनको गुमराह करते हैं, वे क्या करें ।

श्री र० ना० रेड्डी : आप उन को स्ट्राइक करने पर मजबूर करती हैं ।

Mr. Deputy-Speaker: The hon. Members may now move the cut motions to Demands for Grants relating to the Ministry of Health, subject to their being otherwise admissible.

Shri Warior (Trichur): I beg to move:

(i) "That the demand under the head 'Ministry of Health' be reduced by Rs. 100."

[*Need to consult Ayurvedic associations and organisations whenever Committees or Boards are formed under the Drugs Act.* (2)]

(ii) "That the demand under the head 'Ministry of Health' be reduced by Rs. 100."

[*Need to find out ways and means for the supply of raw materials like opium, ganja and pure gold for the preparation of Ayurvedic medicines.* (3)].

(ii) "That the demand under the head 'Ministry of Health' be reduced by Rs. 100."

[*Need to encourage cultivation of medicinal herbs and plants by reserving forest areas and giving subsidies to growers* (4).

(iv) "That the demand under the head 'Ministry of Health' be reduced by Rs. 100."

[*Need to give right of registration to traditional Ayurvedic physicians of Kerala.* (5)].

(v) "That the demand under the head 'Ministry of Health' be reduced by Rs. 100."

[*Need to constitute a seperate All India Medical Council for Ayurveda.* (6)].

(vi) "That the demand under the head 'Ministry of Health' be reduced by Rs. 100."

[*Need to elevate Ayurvedic department to the status of a major department* (7)].

(vii) "That the demand under the head 'Ministry of Health' be reduced by Rs. 100."

[*Need to open more Ayurvedic hospitals and dispensaries.* (8)].

(viii) "That the demand under the head 'Ministry of Health' be reduced by Rs. 100."

[*Need for financial assistance to States to raise the salaries and and allowances of registered Ayurvedic practitioners.* (9)].

(ix) "That the demand under the head 'Ministry of Health' be reduced by Rs. 100."

[*Need to allot more funds for construction of buildings for Ayurvedic hospitals and preparation of medicines.* (10)].

(x) "That the demand under the head 'Ministry of Health' be reduced by Rs. 100."

[*Need for financial assistance to States for proper treatment of patients in Ayurvedic hospitals and dispensaries.* (11)].

(xi) "That the demand under the head 'Ministry of Health' be reduced by Rs. 100."

[*Need to establish at least four Zonal Research Laboratories to analyse Ayurvedic medicines on modern scientific lines.* (12)].

(xii) "That the demand under the head 'Ministry of Health' be reduced by Rs. 100."

[*Need to organise periodical joint discussion on various aspects of different medical systems* (13)].

(xiii) "That the demand under the head 'Ministry of Health' be reduced by Rs. 100."

[*Need to popularise Ayurvedic treatment in foreign countries.* (14)].

(xiv) "That the demand under the head 'Ministry of Health' be reduced by Rs. 100."

[*Need to send Ayurvedic medical missions abroad.*(15)].

(xv) "That the demand under the head 'Ministry of Health' be reduced by Rs. 100."

[*Need to get the assistance co-operation and collaboration of foreign countries for research in Ayurvedic pharmacopia and therapy.* (16)].

(xvi) "That the demand under the head 'Ministry of Health' be reduced by Rs. 100."

[*Need to institute Presidential awards for outstanding contributions to Ayurveda from Ayurvedic physicians.* (17)].

Shri Yashpal Singh (Kairana): I beg to move:

(i) "That the demand under the head 'Ministry of Health' be reduced by Rs. 100."

[*Need to popularise the Ayurvedic system of medicine.* (18)].

(ii) "That the demand under the head 'Ministry of Health' be reduced by Rs. 100."

[*Need to set up a second Central Government Health Ayurvedic Dispensary in Vinay Nagar, New Delhi.* (19)].

(iii) "That the demand under the head 'Ministry of Health' be reduced by Rs. 100."

[*Failure to appoint doctors in dispensaries running without doctors* (20)].

(iv) "That the demand under the head 'Ministry of Health' be reduced by Rs. 100."

[*Need to improve the service conditions of doctors of Central Government Health Service Scheme.* (21)].

(v) "That the demand under the head 'Ministry of Health' be reduced by Rs. 100."

[*Failure to make adequate arrangements for the supply of drinking water to the residents of Delhi, particularly in summer.* (22)].

(vi) "That the demand under the head 'Ministry of Health' be reduced by Rs. 100."

[*Need to reduce the charges for non-government residents of Government colonies for treatment by Central Government Health Service Scheme Dispensaries.* (23)].

Shri Warior: I beg to move:

(i) "That the demand under the head 'Ministry of Health' be reduced by Rs. 100."

[*Need to meet the demands of the doctors serving under the Central Government, especially under the CGHS* (24)].

(ii) "That the demand under the head 'Ministry of Health' be reduced by Rs. 100."

[*Need to enforce more control on the prices of Allopathic medicines.* (25)].

(iii) "That the demand under the head 'Ministry of Health' be reduced by Rs. 100."

[Shri Warior]

[*Need to find ways and means to make milk products for children available in a regulated way.* (26)].

(iv) "That the demand under the head 'Ministry of Health' be reduced by Rs. 100."

[*Need to eradicate trade in spurious drugs by more stringent legislation and enforcement.* (27)].

(v) "That the demand under the head 'Ministry of Health' be reduced by Rs. 100."

[*Need to allocate more funds for drinking water supply in rural India.* (28)].

Shri Narendra Singh Mahida (Anand): I beg to move:

(i) "That the demand under the head 'Medical and Public Health' be reduced by Rs. 100."

[*Need to check the manufacture, distribution and sale of spurious, substandard medicines and foodstuffs.* (34)].

(ii) "That the demand under the head 'Medical and Public Health' be reduced by Rs. 100."

[*Failure to check large scale exodus of Indian doctors to foreign countries.* (35)].

(iii) "That the demand under the head 'Medical and Public Health' be reduced by Rs. 100."

[*Need to offer better salaries and service conditions to doctors joining Government service.* (36)].

(iv) "That the demand under the head 'Medical and Public Health' be reduced by Rs. 100."

[*Failure to educate rural masses in birth control and family planning.* (37)].

(v) "That the demand under the head 'Medical and Public Health' be reduced by Rs. 100."

[*Need to promote and develop Shuddha Ayurved in our country.* (38)].

(vi) "That the demand under the head 'Medical and Public Health' be reduced by Rs. 100."

[*Need to check the air pollution, particularly in large cities and industrial centres.* (39)].

Shri Yashpal Singh: I beg to move:

(i) "That the demand under the head 'Ministry of Health' be reduced by Rs. 100."

[*Inadequate facilities available at the Gole Market C.G.H.S. Ayurvedic Dispensary.* (43)].

(ii) "That the demand under the head 'Ministry of Health' be reduced by Rs. 100."

[*Need to open C.G.H.S. Ayurvedic Dispensaries in every Government Colony.* (44)].

(iii) "That the demand under the head 'Ministry of Health' be reduced by Rs. 100."

[*Paucity of staff and medicines in the C.G.H.S. Ayurvedic Dispensary, Gole Market.* (45)].

(iv) "That the demand under the head 'Ministry of Health' be reduced by Rs. 100."

[*Need for adequate steps to popularise Ayurvedic treatment among the public in general and Government employees in particular.* (46)].

Mr. Deputy-Speaker: These cut motions are now before the House.

Dr. P. Srinivasan (Madras North): Mr. Deputy-Speaker, Sir, I am speaking on the Demands for Grants relating to the Ministry of Health today.

First of all, let me congratulate the Health Minister and her deputy

for the achievements they have so far achieved in the matter of Health. The first achievement is that the National Malaria Eradication scheme has been successfully gone through and I am told that within the crossing of the Third Five Year Plan, malaria will be once and for all abolished from the sub-continent of India.

The other thing which probably I wanted to speak today is about filariasis. In the Report, I see the Filaria pilot project scheme. I fail to understand this. When I spoke last year about this, about 10 years back it was 6·5 million people suffering from filaria and last year, about which I speak today, it was 65 million of people suffering from that and the other statistics given by the Ministry of Health in the Annual Report is something alarming. I beg of the Health Minister to see that eradication of filariasis also should be taken on a national level so that once and for all we will be rid of that dreadful disease, a source of infection to the people living in the filaria endemic area.

About leprosy, many speakers have spoken about that. My own consideration is that leprosy must be taken at the national level. People who are suffering from this disease, either for good, bad or indifferent, are allergic to many healthy people. In a recent visit to a fair I saw that it was more of leprosy patients than the pilgrims. And more so, while I intended staying their for a couple of days, I came back the same day. That is the fate of other pilgrims also. Leprosy must be taken at the national level and encouragement should be given to private enterprises who are doing this anti-leprosy work so that the work which has to be done by the Centre and the States is done by these voluntary organisations. If they could be encouraged, much work could be done.

Coming to medical education, according to the Report, there are 81 medical colleges at present. Thanks to the vision of the Health Minister that the number has increased. Last year, there were about 10,277 admissions. At that rate, when are we going to achieve the target of serving the humanity, as the hon. Member rightly said just now? It is not one medical man for 6000—that is probabaly in urban areas. What about the rural areas? It may be one medical man for 40,000. My submission here is that about 10,000 admissions are there and at the end of five years and about that number may be the medical graduates coming out. Why not insist that, before such of those medical men enter the medical colleges, they shall do rural medical practice at least for three to five years. Can't we make it a compulsion? Can't the Health Ministry do it? I think, if there is a will, there is a way. That is the only way in which we can ask a medical man to come and serve the rural areas. Also, in our country, when compared to the male medical practitioners, the lady medical practitioners are rather poor in number especially in rural areas where medical attendance is required and especially in the matter of much-discussed subject of the family planning where a woman will be more useful and more helpful in that. About 50 per cent of admissions should be given for the next five to ten years to ladies so that in future the family planning programme would be tackled successfully. That may also help in that direction.

I am also reminded lately of the strikes in the medical profession. As a medical man of 30 years standing, I have not heard all these strikes for so many decades. Only recently, the strikes have started all over the section of the population including the medical men. After all said and done, even the medical man also is human. Has he been paid the right remuneration for his living consistent with his qualifications and with his medical achievements and other things? I don't think so. Therefore,

[Dr. P. Srinivasan]

